आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे

परीक्षा परिणाम

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यू.जी. 2025 ने मेडिकल में प्रवेश के लिए परिणाम आज घोषित कर दिए हैं। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा परिणाम जारी किये गए हैं। स्कोर कार्ड परीक्षा की आधिकारिक वेबसाइट एन.टी.ए. नीट डॉट एन.आई.सी डॉट इन पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवार अपने स्कोर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं और आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से मेरिट सूची देख सकते हैं। नीट परीक्षा 4 मई को देश भर के 5 सौ 52 शहरों और भारत के बाहर 14 शहरों में स्थित 5 हजार 4 सौ से अधिक विभिन्न केंद्रों पर 22 लाख से अधिक उम्मीदवारों के लिए आयोजित की गई थी। राजस्थान के महेश कुमार ने पहला मध्य प्रदेश के उत्कर्ष अवधिया ने दूसरा और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी ने तीसरा स्थान हासिल किया है।

सम्मेलन

हिम विज्ञान कांग्रेस एसोसिऐशन और हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान द्वारा शिमला में टिकाऊ सामग्री और जैव संसाधन एकीकरण प्रौद्योगिकी विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज इस सम्मेलन का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे पर इस सम्मेलन में वैज्ञानिकों के विचारों का आदान–प्रदान होगा। राज्यपाल ने विज्ञान के सही इस्तेमाल की आवश्यकता पर भी बल दिया।

हिम विज्ञान कांग्रेस ऐसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक पठानिया ने कहा कि इस सम्मेलन में देश–विदेश के एक सौ 50 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान शिमला के निदेशक संदीप शर्मा भी इस दौरान मौजूद रहे।

बाली

प्रदेश पयर्टन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस बाली ने कहा है कि शहरी व ग्रामीण पर्यटन को विकसित करने के लिए राज्य सरकार वचनबद्ध है। वे सोलन में आयोजित 8 दिवसीय ग्रीष्मोत्सव के दौरान बोल रहे थे। बाली ने कहा कि सरकार पयर्टन को और अधिक बढ़ावा दे रही है ताकि पयर्टक हिमाचल प्रदेश की समृद्ध संस्कृति की जानकारी हासिल कर सकें।

फैस्टिवल

पयर्टन नगरी मनाली के समीप देवलोक में तीन दिवसीय अतंर्राष्ट्रीय फिल्म व आर्ट फैस्टिवल कल शाम शुरू हुआ। राज्य पर्यटन विकास निगम के निदेशक विवेक भाटिया ने फैस्टिवल का शुभारम्भ किया। उन्होंने आयोजकों को इस आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि ऐसी गतिविधियों से प्रदेश को एक नई पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी इस तरह की गतिविधियां संचालित करने वालों को प्रोत्साहित कर रही है।

फिन्ना सिंह परियोजना

केंद्र सरकार ने कांगड़ा ज़िले की बहु प्रतीक्षित फिन्ना सिंह सिंचाई परियोजना के लिए 55 करोड़ 51 लाख रुपये की राशि जारी कर दी है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के तहत ये राशि जारी की गई है। एक रिपोर्ट.........

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के तहत ये राशि जारी की गई है। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों और संबंधित विभागों के साथ निरंतर वार्ता के फलस्वरूप ये राशि मिली है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा ज़िले के किसानों के लिए ये परियोजना आशा की किरण बनकर सामने आई है और इससे हजारों हैक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी।

आकाशवाणी समाचार के लिए मैं योगराज शर्मा

विश्व रक्तदाता दिवस

आज विश्व रक्तदाता दिवस है। हर वर्ष 14 जून को रक्तदान से लोगों की जान बचाने के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए ये दिन मनाया जाता है। इस वर्ष, विश्व रक्तदाता दिवस का विषय है – रक्त दें, आशा दें: साथ मिलकर हम जीवन बचाते हैं। यह थीम रक्तदाताओं के जीवन–परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डालती है, समुदाय और एकता का सम्मान करती है, और नए और नियमित रक्तदाताओं दोनों को जीवन बचाने में मदद करने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर देश सहित प्रदेश भर में विभिन्न रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया है।

मौसम

प्रदेश के अधिकाश भागों में आज मौसम साफ है। पिछले कुछ दिनों से राज्य के मैदानी जिलों में अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री सैल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। हालांकि कल प्रदेश के कुछ स्थानों पर वर्षा होने से लोगों को बढ़ती गर्मी से कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग ने 15 जून तक प्रदेश के मैदानी इलाकों में लू का प्रकोप जारी रहने की संभावना जताई है, जबकि इस दौरान कुछ क्षेत्रों में तेज आंधी–तूफान के बीच ओलावृष्टि की चेतावनी भी दी गई है।